दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शुक्रवार 15 नवम्बर 2019

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# कैंसर से मुठभेड़

एक संसदीय समिति ने बढ़ते कैंसर के मामलों से निपटने के लिए देश भर में विशिष्ट इलाज केंद्र (ट्रीटमेंट हब) बनाने की सिफारिश की है ताकि मरीजों को एक ही जगह इलाज की सभी सुविधाएं मिल सकें और उन्हें लंबी दूरी तय कर इलाज के लिए महानगरों में न जाना पड़े। विज्ञान एवं तकनीक, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संबंधी संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस के सांसद जयराम रमेश ने सोमवार को इस संबंध में अपनी रिपोर्ट राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू को सौंप दी। समिति ने देश में कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई और कहा कि इस बीमारी से पीड़ित मरीजों में करीब 68 प्रतिशत मृत्यु दर बेहद दुखद है।

उसने कहा कि वर्तमान में देश में कैंसर के इलाज का जो नेटवर्क है, वह बढ़ती बीमारी को देखते हुए बहुत छोटा और अपर्याप्त है। आज इसके लिए एक मजबूत और विशाल तंत्र की जरूरत है जो कैंसर की दवाओं के मूल्य को नियंत्रित रखे। यही नहीं सरकार को सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी) फंडिंग के लिए विभिन्न फर्मों से समझौता करना चाहिए ताकि इस संबंध में शोध और अध्ययन को बढ़ावा मिल सके। समिति ने मुंबई स्थित टाटा मेमोरियल कैंसर शोध एवं उपचार केंद्र के नेटवर्क को देशव्यापी बनाने की सिफारिश की। देश में पिछले कुछ समय में कैसर की बीमारी तेजी से फैली है।

अक्टूबर में संसदीय समिति को हेल्थ मिनिस्ट्री ने जानकारी दी थी कि हर साल कैंसर के करीब 16 लाख नए मामले आ रहे हैं। सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि इस बीमारी के इलाज की बेहतर सुविधाएं देश के कुछ ही हिस्सों में सीमित हैं। यही नहीं इसका इलाज बेहद महंगा है। छोटी जगहों पर तो कई बार बीमारी का पता ही नहीं चलता या देर से पता चलता है। फिर दूर-दराज के इलाकों से लोग महानगरों में इलाज के लिए आते हैं। जितना खर्च इलाज में होता है, उतना ही शहरों में मरीजों के परिजनों के रहने पर होता है। यही नहीं कई बार बड़े शहरों में एम्स जैसे अस्पताल में इलाज के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

मरीज का नंबर आते-आते बीमारी गंभीर रूप ले लेती है और मरीज की जान चली जाती है। ऐसे में बेहद जरूरी है कि छोटी-छोटी जगहों पर जांच और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा हो। आज भी इस बीमारी के स्पेशलिस्ट प्राइवेट हॉस्पिटल में ज्यादा हैं, जिनकी फीस देना गरीब लोगों के लिए संभव नहीं है। इसलिए कई लोगों ने यह भी सुझाव दिया है कि कैंसर का ट्रीटमेंट सिर्फ सरकारी अस्पतालों में हो, प्राइवेट सेक्टर को इससे बाहर कर दिया जाए। हालांकि यह संभव नहीं है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार इस संसदीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए कैंसर के इलाज के लिए देश भर में एक मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करेगी।

# जीएसटी वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथी बढ़ी, अब यह होगी आखिरी तारीख




नईदिल्ली (आरएनएस)। सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के लिए वर्ष 2017-18 और वर्ष 2018-19 के वार्षिक रिटर्न तथा समाधान विवरण भरने की अंतिम तिथि में बढोतरी की गयी और इसके साथ ही जीएसटीआर 9 तथा जीएसटीआर 9 सी फार्म को सरल बनाया जा रहा है।

केन्द्रीय अप्रत्यक्ष एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने गुरूवार को यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि वर्ष 2017-18 के लिए जीएसटीआर9 एवं जीएसटीआर 9 सी भरने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2019 है जिसे बढ़ाकर अब 31 दिसंबर 2019 कर दिया गया है। इसी तरह से वर्ष 2018-19 के लिए इन दोनों फार्म को भरने की अंतिम तिथि को 31 दिसंबर 2019 से बढ़ाकर 31 मार्च 2020 कर दिया गया है।

सीबीआईसी ने कहा कि सरकार ने इन दोनों फार्म को सरल बनाने का भी निर्णय लिया है। अब इन दोनों फार्म में विभिन्न क्षेत्रों को वैकल्पिक बनाया जायेगा। उसने कहा कि जीएसटीआर 9 और जीएसटीआर 9 सी को भरने में आ रही कठिनाइयों को लेकर मिले ज्ञापनों के आधार पर इनको भरने की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

सीबीआईसी ने कहा कि अब अंतिम तिथि में बढोतरी होने के साथ ही इन दोनों फार्म को सरल बनाये जाने से जीएसटी करदाता वार्षिक रिटर्न भरने में सक्षम होंगे। रिटर्न भरने की तिथि बढ़ने के संबंध में आज ही अधिसूचना भी जारी कर दी गयी है।

# मूडीज ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 5.6 प्रतिशत किया




नई दिल्ली (आरएनएस)। मूडीज इनवेस्टर्स सर्विस ने चालू वित्त वर्ष के लिये भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 5.8 प्रतिशत से घटाकर 5.6 प्रतिशत कर दिया है। उसने बृहस्पतिवार को कहा कि जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में नरमी अपेक्षा के विपरीत लंबी अवधि तक खींच गयी है जिसके कारण उसे अपने अनुमान को कम करना पड़ा है। क्रेडिट रेटिंग और शोध सेवा सेवा देने वाली कंपनी ने कहा, "हमने भारत के लिये आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटा दिया है। हमारा अनुमान है कि 2019-20 में यह 5.6 प्रतिशत रहेगी जो 2018-19 में 7.4 प्रतिशत थी।" मूडीज इनवेस्टर्स सर्विस के अनुसार 2020-21 और 2021-22 में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी और यह क्रमशः 6.6 प्रतिशत तथा 6.7 प्रतिशत रह सकती है। लेकिन वृद्धि की गति पूर्व वर्षों के मुकाबले धीमी ही रहेगी। उसने कहा, "भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2018 के मध्य से धीमी पड़ रही है। वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 2019 की दूसरी तिमाही में करीब 8 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत पर आ गयी। बेरोजगार बढ़ रही है।" मूडीज के अनुसार, "निवेश गतिविधियां पहले से धीमी है लेकिन खपत के लिये मांग के कारण अर्थव्यवस्था में तेजी बनी हुई थी। हालांकि अब खपत मांग भी नरम हुई है जिससे मौजूदा नरमी को लेकर समस्या बढ़ रही है।

# सोने में 15 रुपये की मामूली तेजी



नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना गुरुवार को 15 रुपये की मामूली तेजी के साथ 38,995 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। रुपये के मजबूत होने से सोने की तेजी पर कुछ अंकुश लगा। इससे पहले बुधवार को सोना 38,980 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, "दिल्ली में 24 कैरट सोने के हाजिर मूल्य में 15 रुपये की मामूली तेजी आयी लेकिन रुपये के मजबूत होने से सोने की तेजी पर कुछ अंकुश लग गया। दिन के कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे अधिक मजबूत हो गया था।" चांदी की कीमत भी 50 रुपये की तेजी के साथ 45,726 रुपये किलो हो गयी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी दोनों में तेजी रही।

# रुपया शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 15 पैसे फिसला



मुंबई (आरएनएस)। वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख , कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और कमजोर वृहद आर्थिक आंकड़ों से रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 15 पैसे गिरकर 72.24 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया मामूली बढ़त के साथ 72.05 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह पिछले बंद से 15 पैसे गिरकर 72.24 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा की तुलना में 62 पैसे की तेज गिरावट के साथ 72.09 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर वैश्विक रुख और वृहद आर्थिक आंकड़ों से बाजार की धारणा कमजोर हुई है। अक्टूबर महीने में खुदरा मुद्रास्फीति तेजी से बढ़ती हुई 4.62 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह इसका 16 महीने का उच्च स्तर है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी है। वैश्विक मोर्चे पर, फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पोवेल ने कहा कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वृद्धि जारी रह सकती है लेकिन वैश्विक नरमी और व्यापार विवाद के चलते अर्थव्यवस्था को जोखिमों का सामना करना पड़ेगा। शेयर बाजार के पास मौजूद आरंभिक आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बुधवार को शुद्ध रूप से 584.92 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।


# दुती चंद 'टाइम 100 नेक्स्ट' सूची में शामिल




नई दिल्ली। भारतीय धाविका दुती चंद को टाइम पत्रिका की दुनिया की सबसे प्रभावी 100 व्यक्तियों की सूची के विस्तार के अंतर्गत शुरू की गई 'टाइम 100 नेक्स्ट' सूची में शामिल किया गया। यह सूची 'टाइम' पत्रिका ने शुरू की है जिसमें 100 उदीयमान सितारों को शामिल किया गया जो व्यवसाय, मनोरंजन, खेल, राजनीति, स्वास्थ्य और विज्ञान में भविष्य बनाने को तैयार हैं।

दुती ने बयान में कहा, 'मैं टाइम पत्रिका के इस सम्मान से खुश हूं। मैं लैंगिक समानता में भरोसा रखती हूं। मैं खेलों में युवा बालिकाओं और महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ना जारी रखूंगी।' दुती ने जकार्ता एशियाई खेलों में 100 मीटर और 200 मीटर स्पर्धा में दो रजत पदक अपने नाम किए थे और वह नैपोली में यूनिवर्सियाडे प्रतियोगिता में 100 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय धाविका बनी थीं।

# सिद्धार्थ को नहीं पता कि स्टार को कैसे बर्ताव करना चाहिए



सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म मरजावां का प्रमोशन जोर-शोरों से कर रहे हैं। इस फिल्म से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। सिद्धार्थ सोशल मीडिया और लड़कियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं अक्सर उन्हें फिल्म प्रमोशन और पब्लिक प्लेसेज पर मॉब्ड होते देखा गया है। लड़कियां उन्हें देखर चिल्लाना शुरू कर देती हैं और वह भी क्यूटली मुस्कुरा देते हैं।

हमने जब उनसे जानना चाहा कि कौन-सी ऐसी चीज है, जो उन्हें जमीन से जोड़े रखती है, तो वह शर्माते हुए कहते हैं, सच कहूं तो मैं नहीं जानता कि एक स्टार को कैसे बिहेव करना चाहिए? मैं जो हूं, वह छिपा नहीं पाता। असल में मेरे मूल्य मध्यमवर्गीय परिवार के हैं। मुझे नहीं लगता कि मेरा काम मुझे इतना बदल सकता है कि मैं उड़ने लगूं। मेरी परवरिश मध्यम वर्गीय माहौल में हुई है। मैं दिल्ली से हूं और हमारा एक आम-सा घर है। मुझे ग्राउंडेड रहने के लिए मेहनत नहीं करनी पड़ती। मेरी जिंदगी का एक अहम हिस्सा दिल्ली में आम लड़के के रूप में रहा है। यह स्टारडम मेरे लिए नया है।

अभी 6-7 साल ही हुए हैं कि लोग मेरे साथ सेल्फी लेते हैं और मुझे घेर लेते हैं, मगर मैं यहां इतना जरूर कहना चाहूंगा कि मेरे घरवाले और पुराने दोस्त मुझे जमीन से जोड़े रखते हैं।

# थलाइवीः कंगना रनौत स्टारर जयललिता की बायोपिक की शुरू हुई शूटिंग



ऐक्ट्रेस कंगना रनौत ने अपनी अपकमिंग फिल्म थलाइवी में तमिलनाडु की दिवंगत पूर्व सीएम जयललिता का किरदार निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कंगना रनौत के अलावा फिल्म में अरविंद स्वामी को एमजीआर का रोल करेंगे। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में बनाई जाएगी। फिल्ममेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग शुरू होने की घोषणा की है। जयललिता का किरदार निभाने के लिए कंगना रनौत तमिल भाषा सीखने से लेकर डांस करने तक कड़ी मेहनत कर रही हैं। हाल ही में उनके डांस सीखने का विडियो सामने आया था।

रिपोर्ट्स के अनुसार, साउथ के फेमस ऐक्टर प्रकाश राज को सीएम करुणानिधि की भूमिका के लिए संपर्क साधा गया है। जयललिता की लाइफ पर बन रही बायोपिक थलाइवी 2020 में रिलीज़ होने वाली है।

वहीं, जयललिता की भतीजी दीपा ने मद्रास हाई कोर्ट से फिल्म पर स्टे की मांग की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपा ने अपने ऐफिडेविट में कहा कि थलाइवी के डायरेक्टर एएल विजय ने उनसे फिल्म के लिए सहमति नहीं ली। उनका कहना है कि फिल्म में कुछ तथ्य और घटनाएं गलत तरीके से पेश की जा सकती हैं।

# सर्बिया की ठंड में बागी 3 की शूटिंग कर रही हैं श्रद्धा कपूर,



श्रद्धा कपूर और टाइगर श्रॉफ बागी 3 की पूरी टीम के साथ फिल्म की शूटिंग के लिए सर्बिया पहुंच चुके हैं। फिल्म बीते सितंबर में फ्लोर पर गई थी और अब कुछ हाई ऑक्टेन ऐक्शन सीन्स के लिए टीम फॉरेन लोकेशन पर पहुंच गई है। रिपोर्ट्स की मानें तो मेकर्स को उम्मीद है कि रिकॉर्ड टाइम में शेड्यूल पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि, बेहद ठंड होने के कारण स्टार्स को हीटर्स का काफी इस्तेमाल करना पड़ रहा है। ऐक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने सेट की कुछ झलक दिखाई है और अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह टीम मेंबर के साथ एक मॉन्यूमेंट के सामने पोज देते दिख रही हैं। बता दें, बागी के बाद श्रद्धा और टाइगर का बागी 3 में रीयूनियन हो रहा है। फिल्म में रितेश देशमुख, अंकिता लोखंडे, आशुतोष राणा जैसे ऐक्टर्स भी अहम रोल्स में नजर आएंगे।

## आज का राशिफल

मेषः- आज कार्यक्षेत्र की परिस्थितियां खराब हो सकती हैं इसलिए काम धीरे-धीरे ही निपटाएं। पैसे के लेन देन के मामले में सफलता के साथ खर्च के नए प्रस्ताव जुड़ेंगे।

वृषभः- आज ऑफिस में अच्छे लोगों से मेल मुलाकात होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रति संवेदनशील रहेंगे। किसी प्रकार की बहसबाजी से बचें और दूसरों की भावनाओं को चोट न पहुंचाएं।

मिथुनः- आज भाग्यवर्धक दिन है, इसलिए इसका पूरा फायदा उठाएं और कोई भी पल व्यर्थ न गवाएं। ऑफिस में आपकी कार्यक्षमता बढ़ेगी और आपकी योजना के अनुसार कार्य संपन्न होगा।

कर्कः- आज दोपहर बाद कुछ टेंशन कम होगी। बिजनेस में लाभ होगा। साहित्य में रूचि बढ़ेगी और पढ़ाई लिखाई में खूब मन लगेगा। ऑफिस में कोई महत्वपूर्ण सफलता धन लाभ देगी।

सिंहः- आज दिन अच्छा ही गुजरेगा लेकिन दोपहर में कुछ शरारती लोग आपके काम में टांग अड़ाने की कोशिश करेंगे। सीनियर लोगों की मदद से समस्या को सुलझाने में मदद मिलेगी।

कन्याः- आज दोपहर बाद ही योजनाएं फायदा पहुंचाने लगेंगी। पारिवारिक असुविधाएं व घर से जुड़े कष्टों का हल खोजना आवश्यक होगा। मिलजुलकर सबका सहयोग लेना ही फायदे का सौदा साबित होगा।

तुलाः- आज दोपहर तक किसी कारण से परेशानी होगी, लेकिन शाम तक उसका हल निकालने से खुशी भी उतनी ही मिलेगी।

वृश्चिकः- आज किसी से उल्टा सीधा कहने से आपकी पर्सनैलिटी पर ही बुरा असर पड़ सकता है, इसलिए आज जुबान को काबू में रखना ही फायदेमंद होगा।

धनुः- आज का दिन महत्वपूर्ण है। दोस्तों और मित्रों का सहयोग और साथ बढ़ेगा और उन पर अपने अधिकार का सुख भी। काम में आने वाली रुकावटें दूर हो जाएंगी।

मकरः- आज का दिन कुछ हटकर काम करने का है। कल की मौजमस्ती आपके आज पर टिकी है, तैयार रहें। आने जाने में बाधा नहीं आएगी।

कुंभः- आज आपका शरीर अस्वस्थ हो सकता है इसलिए खानपान पर ध्यान दें। योजनाएं पूरी कर लेंगे। संयोगवश सभी प्रकार के कठिन काम खुद ही बनते जाएंगे और सफलता से हैरानी होगी।

मीनः- आज दोपहर के बाद खर्च के मौके सामने आएंगे। किसी अभद्र व्यक्ति के कारण मूड खराब हो सकता है। अपने मान सम्मान को बचाकर रखना पड़ेगा। परिवार में शांति रहेगी।

# मुगलई आलू बनाने की रेसिपी...



आलू की कई डिश आपने खाईं होंगी। लेकिन क्या आपने कभी मुगलई आलू की डिश खाई है? इसमें कई देसी मसालों का इस्तेमाल किया जाता है। आप भी पढ़ें इसे बनाने की विधि

### सामग्री

आलू (बड़े टुकड़ों में कटे)- 6, बारीक कटा प्याज- 1, टोमैटो प्यूरी- 1/2 कप, काजू- 4, लौंग- 6 कलियां, कद्दूकस किया अदरक- 1 चम्मच, दूध- 1/4 कप, अजवाइन- 1 चम्मच, कश्मीरी लाल मिर्च- 1 चम्मच, धनिया पाउडर- 2 चम्मच, हल्दी पाउडर- 1/2 चम्मच, गरम मसाला पाउडर- 1 चम्मच, फ्रेश क्रीम- 2 चम्मच, कसूरी मेथी- 1 चम्मच, तेल- 1 चम्मच, घी- 1 चम्मच, नमक- स्वादानुसार


### विधि

काजू को गुनगुने दूध में 10 मिनट के लिए भिगोएं और उसके बाद बारीक पेस्ट तैयार कर लें। कड़ाही में तेल गर्म करें और आलू के टुकड़ों को सुनहरा और क्रिस्पी होने तक तल लें। तले हुए आलू को टिश्यू पेपर पर निकाल कर छोड़ दें। उसी कड़ाही में घी गर्म करें और उसमें अजवाइन डालें। जब अजवाइन की खुशबू आने लगे तो कड़ाही में प्याज, अदरक और लहसुन डालें। सुनहरा होने तक भूनें। जब प्याज का रंग सुनहरा हो जाए तो कड़ाही में टोमैटो प्यूरी, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, कश्मीरी लाल मिर्च और गरम मसाला पाउडर डालकर मिलाएं। धीमी आंच पर मसाले को भून लें। अब काजू वाला मिश्रण कड़ाही में डालकर मिलाएं। तीन से चार मिनट बाद इसमें आलू, थोड़ा-सा पानी और नमक डालकर मिलाएं। धीमी आंच पर पांच मिनट तक और पकाएं। क्रीम डालकर मिलाएं और गैस ऑफ करें। कसूरी मेथी से गार्निश कर सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 45

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गंरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 43 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

## सू-दोकू- 45

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.43 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |